भारतीय शिक्षा बोर्ड
आदर्श कार्य पत्रक – प्रथम इकाई
हिंदी – कक्षा 4
सत्र 2026-27

निर्धारित समय : 1 घंटा **अधिकतम अंक : 20**

निर्देश :

- **प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।**
- **प्रश्नपत्र को पढ़ने के लिए अतिरिक्त 10 मिनट का समय दिया जाएगा। इस दौरान छात्र केवल प्रश्न पत्र पढ़ेंगे।**
- **प्रश्न पत्र में कुल 7 प्रश्न हैं।**
- **प्रश्न संख्या 1, 5 एवं 6, प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित किये गये हैं।**
- **प्रश्न संख्या 2 के लिए 3 अंक निर्धारित किये गये हैं।**
- **प्रश्न संख्या 3 के लिए 6 अंक निर्धारित किये गये हैं।**
- **प्रश्न संख्या 4 के लिए 3 अंक निर्धारित किये गये हैं।**
- **प्रश्न संख्या 7 के लिए 2 अंक निर्धारित किये गये हैं।**

प्रश्न 1: सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए– **(2)**

(i) 'हमारा देश' कविता में हमारा देश किसकी जन्मभूमि है–

(क) देवताओं की ☐ (ख) मनुष्यों की ☐ (ग) वीरों की ☐

(ii) सलोनी किस शहर से पढ़ने आई थी?

(क) कानपुर ☐ (ख) मेरठ ☐ (ग) दिल्ली ☐

(iii) सलोनी ने अपना खाना किसके साथ बैठ कर खाया?

(क) दोस्तों के ☐ (ख) मोनिका के ☐ (ग) माँ के ☐

(iv) बया खेतों से क्या लेकर आती थी?

(क) दाना ☐ (ख) तिनके ☐ (ग) पत्ते ☐

प्रश्न 2 : निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए– (3)

जग नगराज गहरी प्राप्त करना अति-प्राचीन निधि

प्रश्न 3 : निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (6)

(क) नारद के गीत कहाँ गूँजते हैं?

(ख) सलोनी को किस विषय की अध्यापिका पसंद करती थीं?

(ग) बया चिड़िया अपना घर कैसे बनाती है?

(घ) सहेली पाठ के आधार पर बताइए की सच्चा दोस्त कैसा होना चाहिए?

प्रश्न 4 : निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए– (3)

पानी पक्षी फूल

प्रश्न 5 : अनुस्वार का प्रयोग करते हुए चार शब्द लिखिए– (2)

प्रश्न 6 : निम्नलिखित वाक्यों को बहुवचन में बदलकर लिखिए– (2)

(क) चिड़िया अंडा सेती है।

(ख) बच्चा खेलता है।

प्रश्न 7 : निम्नलिखित शब्दों का सही अर्थ से मिलान कीजिए– (2)

निधि	अनोखा
जग	हिमालय
हिमगिरि	खजाना
न्यारा	संसार